आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी में चार नई वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की देंगे सौगात। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी होंगे कार्यक्रम में शामिल।
- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर तक चलने वाले स्मरण उत्सव का किया शुभारम्भ। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कहा– भारत की भक्ति और शक्ति की अभिव्यक्ति है वंदे मातरम।
- शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों से हटाये जायेंगे आवारा कुत्ते। सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों को आवारा कुत्तों से सुरक्षित रखने के लिये जारी किये कई दिशा–निर्देश।
- ऑनलाइन पोर्टल के लिये सर्वर बदलेगा स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग। आज से चार दिन तक प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों में नहीं होंगे सम्पत्ति रजिस्ट्री के कार्य।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी में चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां बनारस–खजुराहो, लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली और एर्णाकुलम–बेंगलुरु रेल मार्गों पर चलेंगी। इन ट्रेनों के संचालन से यात्रा समय में कमी आएगी और पर्यटन तथा व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। एक रिपोर्ट–

***बनारस–खजुराहो वंदे भारत ट्रेन वाराणसी प्रयागराज चित्रकूट और खजुराहो जैसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी और इससे यात्रियों का 2 घंटा 40 मिनट समय बचेगा। वही लखनऊ सहारनपुर वंदे भारत ट्रेन से मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच की यात्रा सुगम और त्वरित होगी। फिरोजपुर –दिल्ली इस रूट पर चलने वाली सबसे तेज ट्रेन होगी तो एर्णाकुलम– बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेन से यात्रा समय में 2 घंटे से अधिक की बचत होगी। यह ट्रेन प्रमुख आईटी और वाणिज्यिक केंटो को जोड़ेगी। इन ट्रेनों के संचालन से पर्यटन, व्यापार और क्षत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रेमचंद गुप्ता आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के शुभारंभ अवसर पर रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल शाम वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट से बरेका गेस्ट हाउस तक काशीवासियों ने जगह–जगह उनका अभिवादन किया। बरेका पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने वन्दे मातरम् वन फाइव जीरो डॉट इन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

***वंदे मातरम का मूल भाव है। भारत मांभारती भारत की शाश्वत संकल्पना वह संकल्पना जिसने मानवता के प्रथम पहर से खुद कोगढना शुरू कर दिया जिसने युगों–युगोंको एक–एक अध्याय के रूप में पढ़ा शून्य से शिखर तक उनकी यात्राऔर शिखर से पुनः शून्य में उनका विलय भारत ने यह सब कुछ देखा है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि वन्दे मातरम् भारत की आजादी का अमर मंत्र बन गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गीत ने लोगों को मातृभूमि की भावना से जोड़ा और भारत के शाश्वत सार को प्रतिबिंबित किया।

***राष्ट्र प्रथम के साथ हम सबकी यह सामूहिक अभिव्यक्ति इस राष्ट्र माता के प्रति हो या भाव भी हर भारतीय के मन में इस गीत ने रचने का प्रयास किया और हम सब आभारी हैं जो प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसके बारे में हर भारतवासी के लिए कहा कि यह भारत की भक्ति और शक्ति के सामूहिक शाश्वत अभिव्यक्ति का एक स्वरूप है, वंदेमातरम।***

वन्दे मातरम् के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल प्रदेश भर में सामूहिक वंदेमातरम गायन और विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये गये। बरेली में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा और आगरा में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सामूहिक वंदेमातरम गायन कार्यक्रम में शामिल हुए। अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, गोरखपुर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

पुलिस भर्ती की तरह होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिये भी वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। इसे लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जरूरी सूचनायें भरकर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति–दो हजार बाइस के अंतर्गत व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को प्रदेशभर में वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियों के माध्यम से आध्यात्म और पर्यटन को एक सूत्र में बांधना है।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों तथा अन्य पशुओं को हटाने के लिए कल कई दिशा–निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी अंजारिया की पीठ ने देश में आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई में हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ तथा गेट लगाने के निर्देश दिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं।

**********

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। वस्तु और सेवा कर – जीएसटी की दरों में कटौती के साथ यह बचत उत्सव बाइस सितंबर को शुरू हुआ था। कृषि क्षेत्र में जीएसटी की नई दरों से नागरिकों को काफी फायदा पहुंच रहा है। एक रिपोर्ट–

**अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने आवश्यक मशीनरी और खाद्य उत्पादों पर कर कम करके कृषि क्षेत्र को राहत प्रदान की है, जिससे लाखों किसानों के लिए खेती अधिक कुशल हो गई है। अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड जैसी उर्वरक संबंधी सामग्रियों पर अब 18 प्रतिशत की बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जिससे उर्वरक उत्पादन की लागत कम करने में मदद मिली है। इसी बीच, 1800 सीसी से कम इंजन वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर केवल 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जिससे मशीनीकरण और अधिक किफायती होने से किसानों को सीधा लाभ हुआ है। इसके अलावा, प्रसंस्कृत फलों और सब्जियों पर भी कर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में किसान राजाराम चौधरी ने कृषि वस्तुओं पर करों में कटौती के सरकार के कदम की सराहना की।केन्द्र सरकार ने जीएसटी में जो सस्ता किया है उसके कारण खेती के औजार खाद आदि बहुत सस्ता हो गया है जिसके कारण किसानों को बहुत सारे पैसे की बचत हो रही है।**

**इन सुधारों का उद्देश्य कृषि में लाभ बढ़ाना, उत्पादन लागत कम करना और पूरे भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। समर्थ और प्रिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से करिश्मा राय।**

**********

स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग आज से ग्यारह नवम्बर के बीच अपने ऑनलाइन पोर्टल के लिये क्लाउड सर्वर को बदलने जा रहा है। इस वजह से चार दिन तक प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों में सम्पत्ति रजिस्ट्री के कार्य नहीं होंगे। आज और कल द्वितीय शनिवार तथा रविवार के अवकाश के बाद सोमवार–मंगलवार को उप निबंधक कार्यालय तो खुलेंगे लेकिन आम जन के कार्य नहीं होंगे। निबंधन महानिरीक्षक की ओर से सभी सहायक निबंधन महानिरीक्षकों को इस सम्बन्ध में पहले ही परिपत्र जारी किया जा चुका है।

**********

भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूरे हो गये हैं। इस उपलक्ष्य में कल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख माडंविया ने हॉकी के भारत के गौरवशाली इतिहास और वैश्विक मंच पर उसके प्रभुत्व का स्मरण किया। उन्होंने हॉकी खिलाड़ियों के खेल कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। लखनऊ के रहने वाले पूर्व हॉकी ओलंपियन सैय्यद अली ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में अपनी हॉकी से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा–

***यह हमारे लिए और हॉकी खिलाड़ियों की बहुत ही खुशी की बात है कि हम लोग यह 100 एज मना रहे हैं हॉकी के और हम 8–9 साल ही 100 साल में हम भारतीय टीम का एक हिस्सा रहे हैं। इसका भी हमें गर्व है।***

भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के कई जनपदों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**********